नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 07 जुलाई 2026

कंटेनर ने गोवंश के झुंड को रौंदा, 5 की मौत

दीवानगंज के फैक्ट्री चौराहा के पास रात में हुआ हादसा, कंटेनर जब्त, चालक फरार

नवभारत न्यूज

सलामतपुर, 6 जुलाई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर दीवानगंज के फैक्ट्री चौराहा के पास बीती रात लगभग 11:30 बजे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने सड़क पर बैठे गोवंश के झुंड को बेरहमी से कुचल दिया. इस हादसे में 5 गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गया है.

मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना को अंजाम देने वाला कंटेनर एमपी 40 ज़ेडजी 7077 विदिशा की 'अवीजीत रोड लाइंस ट्रैवल्स' का है. यह कंटेनर पार्सल का सामान लेकर भोपाल से विदिशा की ओर जा रहा था. हादसे के तुरंत बाद आरोपी चालक मौके से भाग निकला. हालांकि, सलामतपुर पुलिस ने कंटेनर को सांची बाईपास से लावारिस हालत में ज़ब्त कर लिया है. आरोपी ड्राइवर फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश जारी है.

इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और गौरक्षकों में

प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश है. ग्रामीणों का आरोप है कि दीवानगंज क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से दो-दो गौशालाओं का निर्माण तो कराया गया, लेकिन वे आज तक पूरी तरह संचालित नहीं हो सकीं. लाखों के बजट के बाद भी अव्यवस्था का यह आलम है कि मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है. जिसमें कहीं बिजली और पानी जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं न होने के कारण गौशालाओं पर ताले लटके हैं.

> स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गौशालाओं के निर्माण में धांधली करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए. साथ ही, अधूरी पड़ी गौशालाओं को अविलंब शुरू कर हाईवे से गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों को रोका जा सके और बेकसूर गोवंश व राहगीरों की जान सुरक्षित रहे.

एसडीएम ने खाद गोदामों का किया निरीक्षण

बेगमगंज, 6 जुलाई. किसानों को खाद के लिए किसी प्रकार की समस्या ना आए इसको लेकर प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है. सोमवार को ऐसे खाद गोदामों एवं उपार्जन केंद्रों का एसडीएम प्रियंका भलावी ने औचक निरीक्षण किया.

इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ विकास अधिकारी डीके नायक, गोदाम प्रभारी एवं समिति प्रबंधक सहित संबंधित कर्मचारियों की मौजूदगी में उन्होंने किसानों को हर हाल में खाद उपलब्ध कराने एवं उपार्जन केंद्रों पर सही तौल, भुगतान एवं मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि किसानों को खाद वितरण और उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. इसी सिलसिले में क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों, बारदाना, माल के स्टॉक की जगह एवं खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए. एसडीएम ने खाद गोदाम पर स्टॉक, वितरण रजिस्टर और किसानों के लिए बैठक व पेयजल व्यवस्थाओं को भी देखा. उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और किसानों को लंबी लाइनों में न लगना पड़े. इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों पर फसल तुलाई, बारदाने की उपलब्धता और सुरक्षा के इंतजामों की भी समीक्षा की गई.

एक नजर में

सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी साहू को दी विदाई

बेगमगंज, 6 जुलाई. कृषि विस्तार अधिकारी कंछेदी लाल साहू को कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं किसानों द्वारा सेवानिवृत्त होने पर समारोहपूर्वक विदाई दी गई. सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी साहू ने अपने 40 वर्ष की सेवाकाल के दौरान जीवन में घटित कुछ प्रेरक प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि किसानों के बीच रहकर उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला. भविष्य में भी वह किसानों को मार्गदर्शन देते रहेंगे. इस अवसर पर उनके परिजन, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं किसानों की मौजूदगी में शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया.

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी के बच्चों से की चर्चा

रायसेन, 6 जुलाई. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सोमवार को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र किशनपुर का भ्रमण किया गया. उन्होंने यहां निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों तथा नियमित आने वाले बच्चों की संख्या, शैक्षणिक गतिविधियों आदि की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी ली. साथ ही बच्चों से भी संवाद कर आंगनबाड़ी में खेल गतिविधियों की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोषण आहार वितरण, उपस्थिति पंजी आदि का भी अवलोकन किया.

रायसेन में जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम 14 को

रायसेन, 6 जुलाई. जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ने 14 जुलाई को रायसेन स्थित पीएम उत्कृष्ट स्वामी विवेकानंद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इस युवा संगम कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता कराते हुए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं. इस युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी.

गैरतगंज में कांग्रेस 8 जुलाई को देगी धरना

रायसेन, 6 जुलाई. रायसेन-राहतगढ़ मार्ग के कथित घटिया निर्माण और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 8 जुलाई को गैरतगंज बस स्टैंड पर धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है. आंदोलन बुधवार दोपहर 1 बजे से शुरू होगा, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की जानकारी दी गई है. इस संबंध में गैरतगंज में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निर्माण में बरती जा रही कथित लापरवाही तथा आम लोगों को हो रही परेशानियों पर चर्चा की गई. नेताओं ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य अव्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. कांग्रेस ने इसे जनहित का मुद्दा बताते हुए आंदोलन की रणनीति तय की. बैठक में सिलवानी-बेगमगंज विधानसभा के विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा. यदि संबंधित एजेंसी और प्रशासन ने स्थिति में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस जन आंदोलन को और तेज करेगी. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव राय ने नेताओं व कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया. बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान, डॉ. जी.सी. गौतम, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह रघुवंशी, प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, नपा रायसेन के नेता प्रतिपक्ष प्रभात चावला तथा ब्लॉक कांग्रेस रायसेन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे..

दो किसान संघों ने तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

▸ ट्रैक्टर रैली निकालकर किसानों ने दिखाई एकजुटता

फोटो- सिलवानी

नवभारत न्यूज

सिलवानी, 6 जुलाई. भारतीय किसान संघ एवं किसान मजदूर महासंघ द्वारा संयुक्त रूप से किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को तीन सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अल्का सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन सौंपने से पूर्व दोनों किसान संगठनों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर में

एकत्रित हुए. यहां से किसानों ने विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली, जो कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर बजरंग चौराहा, पुराना बस स्टैंड, गांधी आश्रम मार्ग से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची. रैली के दौरान किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की.

तहसील कार्यालय पहुंचने पर किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अल्का सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में किसानों ने मांग की कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मूंग की फसल की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके. दूसरी मांग में किसानों ने खाद वितरण में लागू ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा खरीफ सीजन को देखते हुए डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की. किसानों का कहना है कि ई-टोकन व्यवस्था के कारण उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पाती, जिससे खेती का कार्य प्रभावित होता है. तीसरी मांग के रूप में किसानों ने कृषि कार्यों के लिए प्रतिदिन नियमित 10 घंटे विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की मांग की. किसानों ने बताया कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण सिंचाई एवं अन्य कृषि कार्यों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

फेल होने का डर और 'अमीर' बनने का ख्वाब

▸ घर से भागे दो छात्रों को पुलिस ने 12 घंटे में भोपाल से खोजा

नवभारत न्यूज

सलामतपुर, 6 जुलाई. परीक्षा में फेल होने का डर बच्चों के दिमाग पर किस कदर हावी हो सकता है, इसका एक चौंकाने वाला मामला सलामतपुर थाना क्षेत्र में सामने आया है. यहां एक नजदीकी गांव से रविवार को दो नाबालिग छात्र अचानक घर से भाग निकले. जब परिजनों ने काफी खोजबीन की और बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने सलामतपुर पुलिस को इसकी सूचना दी.

चूंकि मामला नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी से जुड़ा था, इसलिए सलामतपुर पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया. थाना प्रभारी श्यामराज सिंह ने तत्काल पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को स्थिति से अवगत कराया. एसपी के दिशा-निर्देशन में बच्चों की सुरक्षित वापसी के लिए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया. इस टीम में चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह और आरक्षक रोहित गोस्वामी को शामिल कर खोजी अभियान शुरू किया गया.

मोबाइल लोकेशन बनी मददगार

पुलिस ने बच्चों के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया. लोकेशन भोपाल की ओर आते ही पुलिस टीम तुरंत रवाना हुई. पुलिस की मुस्तैदी रंग लाई और सोमवार सुबह लगभग 10 बजे, यानी 12 घंटे के भीतर दोनों छात्रों को भोपाल के जुमेराती क्षेत्र में ढूंढ लिया. पूछताछ में सामने आया कि दोनों नाबालिग छात्र बचपन के दोस्त हैं और गांव में एक-दूसरे के पड़ोसी भी हैं. घर से भागने के बाद दोनों बस से भोपाल के भानपुर पहुंचे थे. वहाँ से एक ऑटो पकड़कर वे भोपाल रेलवे स्टेशन चले गए, जहाँ उन्होंने पूरी रात गुजारी. थाने लाकर जब थाना प्रभारी सिंह ने दोनों बच्चों की काउंसलिंग की और उन्हें समझाइश दी, तो उन्होंने भागने की असली वजह बताई. छात्रों ने कुबूल किया कि उन्हें परीक्षा परिणाम में फेल होने का गहरा डर था. इसी डर के कारण उन्होंने घर छोड़ दिया और किसी बड़े शहर में जाकर काम करके जल्दी अमीर बनने का ख्वाब देख रहे थे.

टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

▸ समय सीमा वाले मामलों में प्राथमिकता के साथ करें कार्रवाई

रायसेन, 6 जुलाई. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा समय सीमा वाले प्रकरणों, सीएम हेल्पलाईन, मूंग उपार्जन सहित योजनाओं तथा निर्माण कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई.

बैठक के प्रारंभ में उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान तहसीलवार नामांतरण प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए नामांतरण प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के

निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रकरण समयावधि के पहले ही निराकृत किए जाएं. कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 54 प्रकरण समयावधि से बाहर होने वाले हैं, जिन्हें शीघ्रता से निराकरण कराएं. उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार और अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयावधि वाले सभी प्रकरणों को गंभीरता से लें अंतिम निराकरण कराएं. सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिकायतों का प्राथमिकता से अंतिम निराकरण कराएं. कोई भी शिकायत लंबित ना रहे.

बीते 24 घंटे में हुई 11.8 मिलीमीटर औसत वर्षा

रायसेन, 6 जुलाई. जिले में 01 जून से 06 जुलाई तक 186.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई तथा गत वर्ष इसी अवधि में 331.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी. तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन के अनुसार 01 जून से 06 जुलाई तक वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 196.2 मिमी, गैरतगंज में 174.8, बेगमगंज में 343.5, सिलवानी में 132, गौहरगंज में 148.5, बरेली में 194.8, उदयपुरा में 246, बाड़ी में 143, सुल्तानपुर में 144.1 तथा देवरी में 144 मिमी वर्षा दर्ज की है. जिले में 24 घंटे में 06 जुलाई को सुबह तक 11.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई. रायसेन में 0, गैरतगंज में 34, बेगमगंज में 23.2, सिलवानी में 09 मिमी वर्षा दर्ज की गई.

कलेक्टर ने गांवों में विकास कार्यों का लिया जायजा

सिलवानी, 6 जुलाई. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सोमवार को विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर आंगनबाड़ी केन्द्र, शासकीय स्कूल तथा निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया.

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत छीतापार में नवनिर्मित अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) का निरीक्षण किया. उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने बम्होरी में पीएमश्री उ.मा.विद्यालय तथा

शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय का निरीक्षण किया.

उन्होंने उपस्थित प्राचार्य तथा शिक्षकों से कक्षावार विद्यार्थियों की संख्या, उपस्थिति, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम और अध्यापन कार्य की जानकारी लेते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम में वृद्धि हेतु प्रयास किए गए. विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें.

दबंगों के हौसले बुलंद, सरकारी रास्ते पर किया कब्जा

▸ खरीफ फसल की बोबनी नहीं कर पा रहा दलित परिवार

नवभारत न्यूज

रायसेन, 6 जुलाई. गैरतगंज तहसील के ग्राम कछिया मूडला में एक दलित किसान के खेत की ओर जाने वाले एकमात्र सरकारी रास्ते पर गाँव के ही दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है. इसके चलते पीड़ित परिवार अपने ही खेत में बोबनी करने के लिए मोहताज हो गया है. न्याय की आस में पीड़ित दलित परिवार कलेक्टर से लेकर स्थानीय राजस्व विभाग के चक्कर काट-काट कर थक चुका है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है.

पीड़ित किसान मथुरा प्रसाद अहिरवार ने बताया कि वह बीते कई वर्षों से अपनी पुश्तैनी 3 एकड़ कृषि भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता आ रहा है. लेकिन कुछ माह पूर्व गाँव के दबंगों ने उसके खेत की ओर जाने वाले सरकारी रास्ते पर जबरन कब्जा कर लिया. दबंगों ने न सिर्फ रास्ते को ट्रैक्टर से बखर कर पार डाल दी, बल्कि जेसीबी की मदद से गहरी नाली भी खोद दी, जिससे खेत तक पहुँचने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है. किसान ने बताया कि जब भी हम उस एकमात्र रास्ते से अपने खेत जाने का प्रयास करते हैं, तो दबंगों द्वारा गंदी-गंदी गालियाँ दी जाती हैं, धक्का-मुक्की की जाती है और जान से मारने का प्रयास किया जाता है.

पूर्व में भी दबंगों ने इस सरकारी रास्ते को बंद कर दिया था, जिसे राजस्व अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर खुलवाया था. लेकिन प्रशासनिक ढील का फायदा उठाकर दबंगों ने दोबारा इस पर कब्जा कर लिया. पीड़ित किसान ने 25 जून 2026 को भी इस पूरे मामले का लिखित आवेदन अधिकारियों को सौंपा था, परंतु हफ्तों बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.

सोमवार को मथुरा प्रसाद अपनी पत्नी के साथ एक बार फिर तहसील कार्यालय गैरतगंज पहुंचे. दर-दर की ठोकरें खाने के बाद जब कोई रास्ता नहीं सूझा, तो उन्होंने रोते हुए स्थानीय मीडिया को अपनी आपबीती सुनाई.

इनका कहना है

उक्त मामला हमारे संज्ञान में आया है. इस सरकारी रास्ते से पूर्व में भी कब्जा हटवाया गया था, यदि दोबारा कब्जा किया गया है, तो यह गंभीर है जल्द ही राजस्व टीम को मौके पर भेजकर सख्त कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही पीड़ित किसान की बोवनी राजस्व अमले की कड़ी निगरानी में कराई जाएगी.

-अमृता सुमन,
तहसीलदार, गैरतगंज

समस्याएं ▸ किसानों की मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी करने सहित 7 मांगें

बेगमगंज में किसानों ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

बेगमगंज, 6 जुलाई. बेगमगंज क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक किसानों ने सोमवार को एसडीएम प्रियंका भिलावी को अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने मांग की है कि बेगमगंज में खरीदी केंद्र बनाकर मूंग की शतप्रतिशत खरीदी कराने, बिजली व्यवस्था 24 घण्टे सुचारू कराई जाए.

डूब प्रभावित किसानों के लिए खेत तक पहुंचने की व्यवस्था करने, रायसेन- बेगमगंज -

राहतगढ़ मार्ग धीमी गति से घटिया स्तर का हो रहा है उसे गुणवत्तापूर्ण ओर शीघ्र पूर्ण कराया जाए और खराब सड़क के गड्ढे भरे जाएं. लोकनिर्माण विभाग एवं ठेकेदार के द्वारा अधूरी छोड़ी गई पलकमती पुलिया का तत्काल निर्माण पूर्ण कराया जाए. जीर्णशीर्ण पुराने स्कूल भवनों की जांच कराकर उनकी मरम्मत या निर्माण कराया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके. बेगमगंज में तीन माह से डीएपी खाद नहीं है गोदाम एवं सभी सोसायटियों में तत्काल खाद उपलब्ध कराया जाए.

डॉ. मुखर्जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

▸ भाजपा जिला कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

रायसेन, 6 जुलाई. भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में सोमवार को नगर मंडल के तत्वाधान में डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा शामिल हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया. इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष शर्मा ने नगर भाजपा मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारी एवं

कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया इसके तदोपरांत नगर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष शर्मा एवं वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया.

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आज हम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को हृदय से याद करते हुए उनकी जयंती मना रहे हैं, वास्तव में उन्होंने देश के लिए अपने प्राण भी न्योछावर कर दिए परंतु वह अपने कर्तव्य से पीछे कभी नहीं हटे उन्हें सदैव याद किया जाता रहेगा. उन्होंने सभी भाजपा कार्य कर्ताओं से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया एवं डॉ मुखर्जी के जीवन चरित्र के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार से अवगत कराया.